Imoprt of Fertilizer

1225. SHRI JAGADISH JANI: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether there is any proposal under Government's consideration to import fertiliser on a large scale during th$_e$ year 1984-85;

(b) if so, what is the quantity of fertiliser proposed to be imported during the current financial year;

(c) what is the main purpose of importing fertiliser; and

(d) what will be the cost of the fertiliser proposed to be imported?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI YOGENDRA MAKWANA): (a) to (d) Since the indigenous production of fertilisers i$_s$ loss than the consumption, fertilisers are being imported in adequate quantities so as to meet the requirements of the States. It would not be in the public interest to disclose the details with regard to the exact quantities, source of import and price of import for these fertilisers.

रामेश्वरम् को मंडपम से जोड़ने वाले सड़क पुल का निर्माण

1226. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तमिलनाडु में रामेश्वरम् को मंडपम् से जोड़ने वाले सड़क पुल का निर्माण कार्य कब प्रारम्भ किया गया था और इसमें अब तक कितनी प्रगति हुई है,

(ख) पुल की लम्बाई कितनी है और निर्माण कार्य कब तक पूरा हो जाने की संभावना है और

(ग) पुल के कब तक यातायात के लिए खोल दिए जाने की संभावना है ?

नौवहन और परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जैड० आर० अन्सारी): (क) इस पुल के निर्माण के लिए 532.37 लाख रु० की अनुमानित राशि को मार्च, 1972 में मंजूरी दी गई थी और इसका निर्माण कार्य अक्तूबर, 1974 में शुरू कर दिया गया था। तथापि 1978 में पुल के स्थान पर तूफान आने से ठेकेदार के आधारभूत उपकरणों को काफी क्षति पहुंची जिसके कारण जुलाई, 1979 में इस पुल का निर्माण कार्य ठप्प पड़ गया। राज्य सरकार ने 1978 में यह ठेका रद्द कर दिया और नए टेंडर आमंत्रित किए गए। शेष निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए जनवरी, 1984 में ठेका दे दिया गया और इस पुल के निर्माण कार्य की मौजूदा सकल प्रगति 38% है।

(ख) और (ग) इस पुल की कुल लंबाई 2350 मीटर है और इस पुल को मार्च, 1987 मे तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद इसे यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

स्कूली शिक्षा तथा उच्चतर शिक्षा के संबंध में दो राष्ट्रीय आयोगों का प्रतिवेदन

1227. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **शिक्षा और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्कूली शिक्षा तथा उच्चतर शिक्षा के संबंध में फरवरी, 1983 में नियुक्त दो राष्ट्रीय आयोगों को रिपोर्ट सरकार को प्राप्त हो गई है ; और

(ख) यदि नहीं, तो उसके कब तक प्राप्त हो जाने की संभावना है ?